पाठ योजना – 5

शिक्षक आकलन योजना

विषय – पर्यावरण अध्ययन | कक्षा – 3 | टर्म – II

पाठ/अवधारणा/थीम/घटक – 9. भोजन में विविधता | दिनांक .... से .... तक

समूह 1 के बच्चों के रोल नम्बर :–		**समूह 2 के बच्चों के रोल नम्बर :–**
सम्पूर्ण कक्षा के लिए शिक्षण अधिगम उद्देश्य :– 1. बालक राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों के भोजन के बारे में समझ सकेगें। 2. सभी प्रकार के भोजन की पौष्टिकता के बारे में जानकारी कर सकेगें।		
सम्पूर्ण कक्षा के लिए प्रस्तावित गतिविधियां (सामूहिक, उपसमूह एवं व्यक्तिगत)	**सतत आकलन योजना**	**समीक्षा एवं अनुभव** (बच्चों की सहभागिता/कठिनाई एवं योजना में बदलाव के बारे में)
सामूहिक कार्य :– बालकों से घर पर बनने वाले भोजन के बारे में चर्चा करना। घर से बाहर खाए गए भोजन पर चर्चा करना। फल, दूध, सब्जी आदि के बारे में बालकों से चर्चा कर प्रश्न मौखिक पूछना। जैसे – 1. आप घर पर कौन–कौनसी चीजें खाते हो? 2. बाजार से खाने की कौन–कौनसी चीजें खाते हो? 3. राजस्थान में पैदा होने वाले खाद्यान्न के बारे में पूछना व श्यामपट्ट पर लिखना। **उपसमूह कार्य :–** उपसमूह में बालक खाए जाने वाले खद्यान्न के बारे में चर्चा करेगें। कौनसा भोजन कहाँ खाया जाता है? कौनसी खाने की चीजें कहाँ की प्रसिद्ध हैं? घर में कौन–कौनसी खाने की चीज मिलती है? घर के बाहर से क्या–क्या खाने को लाते हैं? पौधो व जन्तुओं से हमें क्या–क्या खाने को मिलता है? आदि प्रश्नों पर छात्रों से चर्चा कर पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ संख्या 58, 59, 61, 63 की तालिका पर कार्य करवाना। **व्यक्तिगत कार्य :–** व्यक्तिगत रूप से छात्रों से निम्न प्रश्न पूछे जाएगें– 1. आपने किस–किस अनाज की रोटियां खाईं? 2. संतुलित भोजन किसे कहते हैं? 3. पांच सब्जियों, पांच फलों व तीन अनाज वाली फसलों के नाम लिखो।	विविध प्रकार के भोजन की जानकारी को दर्ज करना। बालक की मौखिक अभिव्यक्ति दर्ज करना। क्षेत्र के आधार पर भोजन का वर्गीकरण करवाना। व्याख्या व चर्चा को दर्ज करना। पर्यावरण के प्रति सजगता का आकलन करना। जांचना व टिप्पणी दर्ज करना।	**साप्ताहिक** **............ से .... तक**

http://rajteachers.com/cce.php

समूह 1 के लिए क्षमता संवर्धन योजना :–

मीठे व नमकीन खाद्य सामग्री को लिखो–

क्र.सं.	मीठी खाद्य सामग्री	नमकीन खाद्य सामग्री
1.		
2.		
3.		
4.		
5.		

समूह 2 के लिए शिक्षण उद्देश्य :–

समूह 2 के लिए आवश्यकतानुसार शिक्षण योजना (सामूहिक,उपसमूह,व्यक्तिगत) :–

पाक्षिक योजना में अधिगम उपलब्धि :–

खाद्य सामग्री की अपेक्षित समझ का आकलन करना।

पाक्षिक
.... से .... तक

संस्था प्रधान का अभिमत :–

हस्ताक्षर शिक्षक

हस्ताक्षर संस्था प्रधान

http://rajteachers.com/cce.php